प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर के डा. शिवेन्द्र कुमार को मिला राष्ट्रीय सर्वोत्तम शिक्षक सम्मान

पंतनगर। १७ जुलाई २०१७। पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्याल के कृषि संचार विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप, को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, द्वारा इस वर्ष का भारत रत्न, डा. सी. सुब्रहमण्यम सर्वोत्तम शिक्षक का सम्मान प्रदान किया गया हैं। यह सम्मान १६ जुलाई २०१७ को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के ८९वें स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह में केन्द्रीय कृषि मंत्री, श्री राधामोहन सिंह, द्वारा डा. कश्यप को दिया गया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अपने संस्थानों तथा देश के ६५ कृषि विश्वविद्यालयों के शिक्षकों में से शिक्षण गुणवत्ता, कृषि शिक्षा में योगदान तथा वैज्ञानिक उत्कृष्टता के आधार पर चयनित शिक्षक को हर वर्ष यह सम्मान प्रदान करती है। डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप को यह सम्मान उनके शैक्षिक उत्कृष्टता तथा शिक्षकों एवं छात्रों के शिक्षण गुणवत्ता वृद्धि में किये गये उत्कृष्ट योगदान के साथ ही उनके द्वारा विकसित शैक्षणिक सामग्री तथा गुणवत्तायुक्त पुस्तकों की लोकप्रियता के कारण दिया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रदत्त उनके आत्म तथ्य में लिखा गया- डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप के योगदान से देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक लाभान्वित हुए हैं तथा उनके द्वारा विकसित विधियां एवं शिक्षण कौशल अनेकों के लिए मार्गदर्शन का कार्य कर रहा है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, में आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक, डा. त्रिलोचन महापात्रा; केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री, श्री सुदर्शन भगत; भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सचिव, श्री छविलेन्द्र राउल सहित समस्त उपमहानिदेशक, सहायक महानिदेशक, आई.सी.ए.आर के संस्थानों के निदेशक, कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति आदि उपस्थित थे।

पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. जे. कुमार, ने डा. कश्यप को उक्त सम्मान हेतु बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे विश्वविद्यालय के लिए अत्यन्त गौरव का विषय है। डा. कश्यप को अधिष्ठाता कृषि, डा. एन.एस. मूर्ति, तथा विभिन्न संकायों के सदस्यों एवं कृषि संचार विभाग के संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने भी बधाई दी।

केन्द्रीय कृषि मंत्री, श्री राधामोहन सिंह, से सम्मान प्राप्त करते डा. एस.के. कश्यप।